तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पृथ्वी तथा पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी




## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा की बैठक 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

### ऑनलाईन निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 हेतु भर्ती प्रक्रिया चालू है जिसके लिये आवेदन ऑनलाईन पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित किया गया था। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा जिला से कुल 563 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया। जो अभ्यार्थी थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन कर चुके हैं। लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जून 2026 तक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन अभ्यर्थियों को छ.ग. रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु ऑनलाईन कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं, वे रोजगार विभाग के पोर्टल पर अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी भर कर आवेदन छ.ग. रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकतें है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवाईयों का किया गया वितरण

**कोरबा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व संयंत्र के मुख्य अभियंता (उत्पा.) संजीव कंसल के निर्देशानुसार 20 अप्रैल को ग्राम पण्डरीपानी के पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय) अमित फुटाने, एन. एस. ठाकुर एवं डॉ. निरंजना गवेल, डॉ. कान्हा कृष्णा अग्रवाल के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व संयंत्र के गृहग्राम पण्डरीपानी में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा हेतु ग्राम सरपंच द्वारा मुनादी करवाकर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ पहुंचवाया गया। साथ ही निशुल्क दवाईयॉ भी वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर में कोरबा पूर्व मुख्य चिकित्सालय से पंजीयक संदीप सोना, स्टाफ नर्स संगीता पटेल, फार्मासिस्ट विकास देवांगन, लैब टेक्निशियन प्रभावती राव, वाहन चालक संदीप बरेठ का सराहनीय सहयोग रहा।

### उप निर्वाचन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न शाखाओं के संपादन हेतु नोडल-सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति एवं सहयोगी कर्मचारियों की भी नियुक्ति कर दायित्व सौंपे है। जारी आदेश के अनुसार नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु एमसीसी शाखा के लिए कौशल तेन्दुलकर संयुक्त कलेक्टर मो.नं. 8959393222 को नोडल एवं सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा सर्व तहसीलदार /नायब तहसीलदार जिला कोरबा को सहायक नोडल अधिकारी, परिवहन योजना एवं रूट चार्ट की व्यवस्था शाखा हेतु सरोज कुमार महिलांगे अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोरबा मो.नं.87639846122 एवं विवेक सिन्हा जिला परिवहन अधिकारी कोरबा मो.नं. 79743755945 को नोडल और संतोष हरिपाल परिवहन निरीक्षक परिवहन कार्यालय कोरबा, सर्व संबंधित रिटर्निंग आफिसर (नगरीय/ पंचायत) जिला कोरबा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों की चिकित्सा सुविधा के लिए एकमुश्त फंड की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कंट्रीब्यूट्री पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम में फिलहाल एकमुश्त बड़े फंड की जरूरत है। इस मामले को मजदूर संगठन लगातार कोल इंडिया की कई अहम बैठकों में उठाते रहे हैं। एमसीडब्ल्यूए-11 में इसको लेकर सब कमेटी गठित की गयी थी। जिसमें कोल इंडिया के अधिकारी व मजदूर संगठन से जुड़े नेता शामिल हैं। इसकी एक बैठक भी हुई, जिसमें मजदूर संगठनों ने कहा कि सीपीआरएमएसई-एनई (आर) का फंड कैसे मजबूत हो, इसकी पूरी जिम्मेवारी प्रबंधन की है। कोल इंडिया प्रबंधन इस फंड में एकमुश्त बड़ी राशि दे ताकि रिटायरमेंट कर्मियों को चिकित्सीय सुविधा में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो।

ज्ञात हो कि कोल इंडिया में हर साल करीब 14-15 हजार कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्तमान में कोल इंडिया में कार्यरत कर्मियों की संख्या 2 लाख 9 हजार है, जबकि सेवानिवृत्त कर्मियों की संख्या 5 लाख के करीब है। इसमें सीपीआरएमएसइ के मेंबरों की संख्या डेढ़ लाख के आसपास है। शेष सीपीआरएमएस के मेंबर नहीं है। वर्ष 2015 में एनसीडब्ल्यूए-9 से कोल इंडिया में सीपीआरएमएस लागू किया गया। उस समय इस स्कीम के तहत सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को 4 लाख (पति व पत्नी को दो-दो लाख) तक की चिकित्सीय सुविधा दिये जाने का प्रावधान था। इसके लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को इस स्कीम में 20 हजार रुपये एकमुश्त देना पड़ता था। उस समय इसके लगभग तीन हजार ही सेवानिवृत कर्मी सदस्य थे। वर्ष 2017 में एनसीडब्ल्यूए-10 में सीपीआरएमएस को मजदूर संगठनों व कोल इंडिया प्रबंधन के बीच बनी सहमति के बाद रिवाइजड कराया गया। इसके तहत सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सीपीआरएमएस ट्रस्टी में बतौर एकमुश्त 40 हजार रुपये जमा करने के ⏭ शेष पेज 3 पर

### हर साल हो रहे 14 से 15 हजार कर्मी सेवानिवृत्त

**खास बात**

- सेवानिवृत्त कर्मियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने शुरु हुई पहल




### मजदूरों को भी मिले 25 लाख तक के इलाज की सुविधा

एटक नेता व जेबीसीसीआइ सदस्य लखनलाल महतो का कहना है कि सीपीआरएमएसई-एनई (आर) में कोल इंडिया प्रबंधन एकमुश्त बड़ी राशि दे ताकि रिटायर कर्मियों की चिकित्सीय सुविधा में किसी तरह का रुकावट पैदा नही हो। उन्होंने कहा कि जितना कोल अधिकारी का मेडिकल सुविधा (25 लाख तक) उतनी ही सुविधा कोयला मजदूरों को भी मिले।

## यातायात पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों को किया सूचित, दो दिनों के भीतर सिग्नल होगा दुरुस्त

# आकाशीय बिजली ने टीपी नगर ट्रैफिक सिस्टम का केबल किया ध्वस्त, यातायात व्यवस्था बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे इसके लिए नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग चौक चौराहा में ट्रैफिक सिंग्नल स्थापित किया गया है। जिसका संचालन रायपुर की राघव कंपनी द्वारा किया जाता है। दो दिनों पूर्व अकाशीय बिजली की वजह से टीपी नगर चौक के ट्रैफिक सिग्नल का केबल पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। जिसकी वजह से ट्रैफिक सिस्टम ही फेल हो गया है। ट्रैफिक सिस्टम फेल होने की वजह से शहर की यातायात व्यवस्था का सिस्टम भी पूरी तरह से फेल हो गया है। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने इसकी सूचना संबंधित कंपनी को दे दी है। एक-दो दिनों के भीतर ही व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन कंपनी ने दिया है।

उल्लेखनीय है कि शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग में से एक टीपी नगर चौक है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में चारों दिशाओं से वाहन गुजरती है। ट्रैफिक सिस्टम सुचारू से संचालित होती रहे इसके लिए टीपी नगर चौक में ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किया गया है। इसके अलावा यातायात पुलिस के जवान भी तैनात किया गया है लेकिन पूरा सिस्टम ट्रैफिक सिग्नल पर निर्भर होता है। बताया जाता है कि दो दिनों पूर्व शहर में आए आंधी तूफान व बारिश और आकाशीय बिजली की वजह से टीपी नगर स्थित ट्रैफिक सिग्नल का केवल पूरी तरह से जल गया है। जिसकी वजह से ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से भ्रष्ट हो गया है। स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को टीम ट्रैफिक कंट्रोलर के साथ सिस्टम को ठीक करने के लिए पहुंचे थे लेकिन केबल पूरी तरह से जल जाने की वजह से अब इसे ठीक करने के लिए रायपुर की टीम आएगी। बताया जाता है कि यातायात पुलिस के अधिकारियों ने इसकी सूचना रायपुर की राघव कंपनी के अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी है। संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिनों के भीतर टीपी नगर से ट्रैफिक सिग्नल बनकर तैयार हो जाएगा।




टीपी नगर के सिग्नल बंद होने से बिगड़ी यातायात व्यवस्था।

### गर्मी से राहत देने किया बदलाव

भीषण गर्मी और लू के बढ़ते असर को देखते हुए शहर में आम नागरिकों की सुविधा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर के प्रमुख चौक सीएसईबी चौक, सुभाष चौक और टीपी नगर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद रखे जा रहे हैं। पहले इन चौराहों पर तपती दोपहरी में भी सिग्नल चालू रहने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को कड़कड़ाती धूप में रेड सिग्नल पर खड़े रहना पड़ता था, जिससे परेशानी बढ़ रही थी। अब सिग्नल बंद होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। राहगीर बिना अधिक देर रुके अपनी दिशा में आगे बढ़ पा रहे हैं। दोपहर के समय यातायात का दबाव भी अपेक्षाकृत कम रहता है, जिससे व्यवस्था प्रभावित नहीं हो रही। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पुलिसकर्मियों द्वारा मैन्युअल रूप से संभाली जा रही है।

# पत्नी की हत्या, सिर हाथ में लेकर गांव में घूमता रहा पति


पत्नी का कटा हुआ सिर लेकर घूमता आरोपी पति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सिरफिरा पति अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दिया और उसके सिर को धड़ से अलग कर हाथ में लेकर गांव मे घूमता रहा। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। जब ग्रामीणों ने यह दृश्य देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति को हिरासत में ले लिया। पति ने हत्या किसलिए और क्यों की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली में बुधवार शाम यह घटना घटित हुई है। बताया जाता है कि गांव में रहने वाले सालिकराम यादव ने अपनी पत्नी चेंचकुंवर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उसके धड़ से सिर को अलग कर दिया। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद सालिकराम यादव अपनी पत्नी के सिर को लेकर गांव की गलियों में घूमता रहा, जिसे देखकर गांव के लोग दहशत में आ गये थे। लगभग आधे घंटे तक सालिकराम अपनी पत्नी के सिर ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम बुंदेली का मामला
- चरित्र संदेह से जुड़ा हो सकता है मामला

# क्षतिग्रस्त राखड़ बांध का युद्धस्तर पर जारी है रेस्टोरेशन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के झाबू स्थित राखड़ बांध में अचानक दबाव बढ़ने से राखड़ बांध फूट गया था जिसके बाद प्रबंधन द्वारा राखड़ बांध के क्षतिग्रस्त तटबंध का मरम्मत कार्य शुरु किया गया। प्रबंधन द्वारा राखड़ बांध के रिस्टोरेशन का कार्य भी युद्धस्तर किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में जल्द ही बांध का रिस्टोरेशन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले हसदेव ताप विद्युत संयंत्र से उत्सर्जित राख के विस्थापन के लिए झाबू में राखड़ बांध का निर्माण किया गया है। कुछ दिनों पूर्व अचानक राखड़ बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी वजह से आसपास के क्षेत्रों में राखड़युक्त मलबा फैल गया था। घटना के बाद तत्काल प्रबंधन ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- एचटीपीएस के झाबू स्थित राखड़ बांध का मामला



रेस्टोरेशन कार्य में लगा चैन माउंटेन।

# श्रद्धालुओं से भरे पिकअप वाहन का ब्रेक फेल, आधा दर्जन यात्रियों को आई चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पिकअप वाहन में सवार होकर लगभग दो दर्जन श्रद्धालु मड़वारानी मंदिर दर्शन के लिए आये हुए थे। जहां वापस लौटते समय पहाड़ में ही पिकअप वाहन का ब्रेक फेल हो गया है और वाहन सीधे पेड़ से जा टकरायी। हादसे के होते ही यात्रियों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और स्थानीय लोगों की मदद से आधा दर्जन यात्रियों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का सुखद पहलू रहा कि किसी सात्री को गंभीर चोट नहीं आयी है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सलखन में निवासरत दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 एआर 0284 में सवार होकर पहाड़ी पर स्थित मां मड़वारानी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थे। दर्शन के बाद सभी वापस अपने ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान बुधवार को लगभग 10 बजे पहाड़ी की ढलान पर वाहन का अचानक ब्रेक फेल हो गया। जिससे चालक का नियंत्रण वाहन से खो बैठा और पिकअप तेज रफ्तार में नीचे की ओर बढ़ते हुए सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में बैठे कई श्रद्धालु उछलकर बाहर जा गिरे। हादसे में 7 यात्रियों को चोटें आई हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है।

**खास बात**

- पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से दर्शन के लिए पहुंचे थे मड़वारानी


अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई पिकअप।

## कलेक्टर ने ली प्रेस वार्ता, जनगणना की तैयारियों और प्रक्रिया पर दी विस्तृत जानकारी

# डिजिटल स्व-गणना और सटीक आंकड़ों से मजबूत होगी विकास की नींव : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आयोजित विस्तृत प्रेस वार्ता में जनगणना 2027 के सफल एवं प्रभावी संचालन को लेकर व्यापक जानकारी साझा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को आधुनिक तकनीक से सशक्त, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बताते हुए इसे विकास की आधारशिला निरूपित किया।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 को नवीन डिजिटल स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत 16 से 30 अप्रैल तक कोई भी नागरिक स्वयं अपने मोबाइल या अन्य डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। यह पहल जनसहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के पश्चात 1 से 30 मई तक जिले में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक नागरिकों से संपर्क कर उनके द्वारा दर्ज की गई जानकारी का मिलान करेंगे, जिससे आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने जिले में जनगणना कार्य हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा जिले में कुल 24 चार्ज अधिकारी हैं, जिनके माध्यम से कार्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जिले में कुल 2073 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (एच.एल.बी ) का गठन किया गया है, जिससे प्रत्येक क्षेत्र को सूक्ष्म स्तर पर कवर किया जा सके। इसके साथ ही 2384 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की नियुक्ति कर उनका प्रशिक्षण 24 अप्रैल तक पूर्ण किया जा रहा है। जिले में कुल 3 हजार मैनपावर जनगणना के लिए निर्धारित किए गए है। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्व-गणना के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में मई 2026 के दौरान स्व-गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा।



कलेक्टर कुणाल दुदावत।

### जानकारी गोपनीय रखी जाएगी

कलेक्टर ने विशेष रूप से यह स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय विश्लेषण एवं विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाता है। नागरिकों की निजता एवं डेटा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन के लिए नीति-निर्माण, संसाधनों के न्यायसंगत वितरण, आधारभूत संरचनाओं के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दृष्टि से प्रत्येक नागरिक की सहभागिता न केवल आवश्यक है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान भी है।

### जटगा रेंज में हाथियों का झुंड कर रहा विचरण

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। अब तक जटगा बिट के मेढ़उड़ पहाड़ पर 48 हाथियों का झुंड डेरा डाला हुआ था लेकिन बीती रात यह झुंड पहाड़ के रास्ते आगे बढक़र मुकुवा क्षेत्र में पहुंच गया। बड़ी संख्या में हाथियों झुंड जंगल में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों की निगरानी में जुट गया है। पहाड़ के नीचे स्थित ग्राम में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। इस बीच जटगा रेंज में अचानक पहुंचे उत्पाती हाथी ने मरवाही का रूख कर लिया है। हाथी जंगल के रास्ते आगे बढ़ा और मरवाही रेंज की सीमा में पहुंचने के बाद वहां डेरा डाल दिया।

## खबर संक्षेप

### बैराज के पास लोहे के पोल से टकराई पिकअप, एक की मौत



**बिलासपुर।** देर रात डीजे में डिस्को बिजली लाइट का काम करने के बाद लौट रहे मजदूरो से भरा पिकअप बैराज के पास लोहे के पोल से टकरा गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। वहीं आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए हैं। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, लालपुरकला लोरमी निवासी प्रकाश रामेकर पिता झाडू रामेकर 18 साल डीजे में डिस्को बिजली लाइट का काम करता था। रात 2 बजे वह अन्य मजदूरों के साथ पिकअप वाहन सीजी 12 एएस, 2306 के पीछे बैठकर कोनी की ओर लौट रहा था। पिकअप ड्राइवर शार्टकट के चक्कर में सरकण्डा शिवघाट से बैराज होते हुए जाने के लिए निकला। रफ्तार तेज होने से गाड़ी अनियंत्रित होकर बैराज के पास लगे लोहे पोल से टकरा गई । हादसे में प्रकाश रामेकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक का शव मरच्यूरी में रखवाकर घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### नकली के बदले असली जेवर खरीदने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सराफा दुकान में नकली चांदी के बदले असली चांदी के जेवर खरीदने आए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, 21 अप्रैल को सदरबाजार स्थित राकेश ज्वेलर्स में एक युवक आया और पुरानी चांदी के जेवर के बदले नए चांदी के जेवर खरीदने की बात कही। मैनेजर हितेश सोनी उससे चांदी के जेवर लेकर असली चांदी के जेवर दिखाने लगा। इसी बीच उन्होंने उसके चांदी के जेवर की जांच की तो उसे नकली पाया। मैनेजर उसे बातों में फंसाकर रखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस दुकान में आकर नकली चांदी के साथ राजस्थान रासीसरबासबाड़ा निवासी पवन पिता नरसिराम को पकड़ लिया। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### चरित्रशंका पर कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या

**बिलासपुर।** चरित्रशंका में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, रिसदा निवासी जीवन नोरगे पिता स्व. किशन लाल नोरगे 65 साल अपनी पत्नी सरस्वती नोरगे पर चरित्रशंका कर आए दिन विवाद करता था। 21 अप्रैल की रात उसी बात को लेकर दोनों पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। उसने पत्नी के साथ मारपीट कर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। उसके बाद मस्तूरी थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस उसके घर गई तो उसकी पत्नी की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। 22 अप्रैल को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के लिए शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई ममता दुबे ने बताया, वर्ष 2024 में क्षेत्र में रहने वाली 15 साल की लड़की को सकरी परसदा निवासी अभिषेक निषाद घर से भगाकर हैदराबाद पुणे ले गया था। दोनों पति के पत्नी की तरह रह रहे थे। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध कायम पतासाजी में जुटी हुई थी। 21 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली युवक युवती को लेकर अपने घर आया हुआ है। पुलिस ने परसदा में दबिश देकर नाबालिग व युवक को पकड़ लिया। वर्तमान में नाबालिग 9 माह से गर्भवती है। पुलिस ने नाबालिग का बयान लेने के बाद अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है।

## शिवघाट बराज एरिया से एक साल के प्रयास के बाद कोनी शिफ्ट हुए कब्जाधारी

# पचरीघाट बराज में लग रहा ट्रांसफार्मर, शिवघाट से हटाए गए अवैध कब्जाधारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खबर का असर

अरपा नदी पर पचरीघाट में बनाए गए बराज में आखिरकार एक महीने के इंतजार के बाद विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अब बराज पर आवागमन करने वाले शहरवासियों को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी तरह शिवघाट बराज एरिया में अवैध कब्जा करके रहने वाले लगभग सारे कब्जाधारियों ने कोनी के अटल आवास में अपनी शिफ्टिंग कर ली है, जिससे अब बारिश में बराज के गेट बंद करने से कोई दिक्कत नहीं होगी।

हरिभूमि में बीते दिनों 'बराज तैयार,,,ट्रांसफार्मर का इंतजार' शीर्षक के साथ प्रकाशित समाचार के बाद विद्युत विभाग द्वारा इस पर संज्ञान लेते हुए पचरीघाट बराज में ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अब बराज के ऊपर आवागमन करने वाले शहरवासियों को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि शिवघाट बराज अब भी ट्रांसफार्मर की स्थापना का इंतजार कर ही रहा है, जबकि सिंचाई विभाग द्वारा इसके लिए भी विद्युत विभाग को राशि का भुगतान एक महीने पहले ही किया जा चुका है। विद्युत विभाग द्वारा नए वित्तीय वर्ष का पहला महीना होने के कारण बजट के अभाव के चलते ट्रांसफार्मर की स्थापना में विलंब होने की बात कही जा रही है। हालांकि एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मर स्थापित हो जाने की



संभावना भी जाहिर की गई है। इधर शिवघाट बराज के आसपास अवैध तरीके से कब्जा कर निवासरत करीब 43 परिवारों को भी कोनी के अटल आवास में शिफ्ट किया जा चुका है। सिंचाई विभाग एवं नगर निगम के द्वारा कब्जाधारियों की शिफ्टिंग के लिए बीते एक साल से प्रयास किया जा रहा था, लेकिन किसी ना किसी कारणवश उनकी शिफ्टिंग नहीं हो पा रही थी। बीते दिनों सिंचाई विभाग द्वारा इस विषय को कलेक्टर टीएल की मीटिंग में उठाए जाने के बाद इसके लिए प्रयास तेज करते हुए तत्काल प्रभाव से बचे हुए कब्जाधारियों को कोनी के अटल आवास में शिफट किया गया है।




शहर का शिवघाट व पचरीघाट बराज पूरी तरह बनकर तैयार
बराज तैयार, टांसफार्मर का इंतजार

### ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु

पचरीघाट बराज में विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, लेकिन शिवघाट में लगाया जाना शेष है। शिवघाट बराज के आसपास अवैध तरीके से रहने वाले सभी परिवारों को भी अब कोनी अटल आवास शिफ्ट किया जा चुका है।

**-एमके चंद्रा**, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

### बजट का अभाव है

वित्तीय वर्ष का शुरूआती महीना होने के कारण बजट का अभाव है, जिससे ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है। एक-दो दिनों में संभावना बन सकती है।

**-बीबी नेताम**, ईई सीएसईबी

### इस साल लबालब रहेगी अरपा

पचरीघाट एवं शिवघाट बराज के गेट बंद करने के बाद इस साल अरपा नदी पर जबर्दस्त जलभराव रहने की उम्मीद की जा रही है। जानकारों का कहना है कि अरपा नदी में जलप्रवाह अक्टूबर महीने तक प्राकृतिक रूप से ही रहता है, जिससे पूरा भरने की स्थिति में इसमें बारहों महीने पानी भरा रह सकता है।

### रीचार्ज हो जाएगा शहर का भूजल स्तर

शहर में तीन दशक पहले तक की स्थिति में बीस से तीस फीट की गहराई में ही पानी मिल जाया करता था, जबकि यह स्थिति अब 150 फीट में भी निश्चित नहीं है। अरपा नदी पर बराज के कारण बारहों महीने जलभराव होने के प्रभाव से शहर का भूजल रीचार्ज हो सकेगा, जिससे आने वाले समय में शहर से पानी की समस्या से कुछ राहत मिल सकेगी।

## 35 करोड़ खर्च कर कोतवाली और इमलीपारा में दो व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाए गए हैं

# निगम बार-बार टेंडर कर रहा, लेकिन प्रीमियम जगह की 51 दुकानों को खरीदने कोई नहीं पहुंच रहा



35 करोड़ खर्च कर कोतवाली और इमलीपारा में दो व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाए गए हैं। इसमें कोतवाली में 46 में 22 दुकानें तो इमलीपारा में 59 में से 29 दुकानें अभी भी खाली हैं। इन दुकानों के लिए निगम बार-बार टेंडर कर रहा है लेकिन कोई नहीं ले रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इन दुकानों का किराया इतना अधिक रखा गया है कि इसे लेने में परेशानी हो रही है। प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं।

**कोतवाली में 46 में 22 दुकानें तो इमलीपारा में 59 में से 29 दुकानें अभी भी खाली हैं**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है।

इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई। इसमें निगम को 30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराया मिलेगा।

निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा। शेष दुकानों के आबंटन के लिए कुछ दिनों बाद प्रक्रिया होगी।

### 22 दुकानों के लिए 7 मई तक निविदा

दूसरी ओर 29 करोड़ 76 लाख की लागत से बना सिटी कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाया गया है। जिसमें 192 कार और 325 बाइक एक साथ पार्क की जा सकेगी। ल्टीलेवल पार्किंग ग्राउंड फ्लोर के अलावा सभी फ्लोर में पार्किंग की सुविधा ग्राउंड फ्लोर को कमर्शियल कांप्लेक्स के तौर पर विकसित किया गया है जिसमें 46 दुकानों का निर्माण किया गया है। इसमें से 24 दुकानों का आंबटन तो हो गया है और दुकानें खुल गईं हैं लेकिन 22 दुकानें करीब एक साल से खाली हैं। इनके आबंटन के लिए कई बार टेंडर जारी किया जा चुका है लेकिन व्यापारी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब निगम ने एक दिन पहले एक और टेंडर जारी किया है। इसमें शेष 22 दुकानों के लिए 7 मई तक नीविदा मंगाई गई है।

### तीन साल का बनेगा किरायानामा

इधर निगम ने जो टेंडर किया है उसमें कहा गया है कि दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। टेंडर में यह भी शर्त थी कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किराएदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी।

### 30 दुकानों का हुआ आवंटन

दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किया है। इमलीपारा में दो चरण में 30 दुकानों का आबंटन हो चुका है। इनका अनुबंध भी हो गया है। बाकि 29 दुकानें भी जल्द आबंटित कर दी जाएंगी।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

## नेहरू नगर गीतांजलि विहार में हुई वारदात

# रिटायर्ड बैंककर्मी के घर से 11 तोला सोना चांदी के जेवर चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने सक्रियता दिखाते हुए रिटायर्ड बैंककर्मी के सूने मकान के दरवाजे का कुंदा तोड़कर आलमारी के लॉकर से 11 तोला सोना, चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। रात्रि गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध घर में घुसते नजर आ रहा है। पुलिस पतासाजी में जुट गई है।

- सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध घर में घुसते आ रहा नजर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर गीतांजली विहार निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी देवदास बर्मा पिता स्व. सबल बर्मा 68 साल के बेटा बहू रायपुर में रहते हैं। 20 अप्रैल को पति पत्नी घर के दरवाजे में ताला लगाकर घर की चाबी नौकरानी सीमा यादव को देकर रायपुर चले गए थे। 22 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे नौकरानी ने श्री बर्मा को फोन कर बताया कि उनके घर के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ है और आलमारी खुली हुई है। दोपहर 12 बजे पति पत्नी वापस घर आकर देखे तो आलमारी के लॉकर से 11 तोला सोना व चांदी के जेवर व 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। श्री बर्मा ने चोरी की जानकारी सिविल लाइन थाने को दी। सूचना मिलते ही सीएसपी नितिमेश सिंह, सिविल लाइन पुलिस व एसीसीयू टीम मौके पर

### रेलवेकर्मी के घर चोरी

तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे आफिसर्स कालोनी निवासी रेलवेकर्मी चक्रेश कुमार पिता चेतराम 21 अप्रैल को सुबह 9 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चले गए थे। शाम 7 बजे वापस घर लौटे तो बाहर का दरवाजा खोलकर अंदर आए तो चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरे पड़े थे। बैग में रखा 20 हजार रुपए नकद, गुल्लक तोड़कर 5 हजार, सोनाटा कंपनी की कलाई घड़ी, सोने की अंगूठी, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर बाक्स चोरी हो गया था। ज्ञात हो कि इसके पहले 17 अप्रैल को रेलवे क्षेत्र में कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मनीष साहू के घर से 4 तोला सोने के जेवर, 50 हजार नकद व 21 अप्रैल को कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी उत्तम कुमार अनंत के घर से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, चांदी के जेवर चोरी हुई थी।

### ये जेवर हुए चोरी

सोने का नेकलेस, 3 सोने की चेन, 1 मंगलसूत्र, 3 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी टाप्स, 1 जोड़ी झुमका, 6 जोड़ी चांदी के पायल व 10 हजार रुपए नकद चोरी हुई है। पुलिस ने एफआईआर में 7 लाख रुपए के जेवर व नकद चोरी होना लिखा है।

### सकरी के दो मकान में चोरी

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर कांटीखार निवासी लकीम खान 21 अप्रैल की सुबह घर के दरवाजे में ताला लगाकर काम पर चले गए। इसी दौरान चोरों ने उनके घर का दरवाजा उखाड़कर पेटी से सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, नथनी व 7 हजार रुपए चोरी कर लिया। इसी तरह पेण्डारी निवासी मिनाक्षी लाडीकर के घर से सोने का माला चोरी कर लिया गया है।

## 26 को होगी मंडी उपनिरीक्षक परीक्षा 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को 16 जिलों में प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की गई है। जिसमें 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

- 16 जिलों में बनाए गए परीक्षा केन्द्र

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व इन दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें और निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों व समुचित पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचें। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम 2 घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

## युवकों ने छात्र को पीटा मोबाइल बाइक में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** स्वीमिंग पूल से नहाकर हास्टल लौट रहे छात्र को रोककर युवकों ने हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट की और उनका मोबाइल पटककर तोड़ दिया। उसके बाद बाइक में जमकर तोड़फोड़ कर दी।सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश फतेहपुर निवासी अंशुमान सिंह पिता मनोज कुमार सिंह गुरू घासीदास विश्व विद्यालय के हास्टल में रहकर लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। 20 अप्रैल को शाम 4.40 बजे स्वीमिंग पूल से नहाकर हास्टल जा रहे थे। कुदूदण्ड बैराज के पास स्कूटी सवार युवकों के द्वारा ओवरटेक करते हुए उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर युवकों ने अंशुमान के साथ हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट करते हुए उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। उसके बाद उनकी बाइक में जमकर तोड़फोड़ की। उनके दोस्तों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**असामाजिक तत्वों का अड्डा**-कुदूदण्ड बैराज के आसपास सुबह से देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। ग्रुप बनाकर नशेड़ी गांजा व शराबखोरी, नशीले दवाई व इंजेक्शन लगाते रहते है। बैराज बनने के बाद संभ्रात परिवार के लोगों का आना जाना बढ़ गया है। नशेड़ियों पर कार्रवाई नहीं होने से बड़ी वारदात हो सकती है।

## बीए फर्स्ट प्राईवेट के परीक्षा परिणाम को लेकर एआईडीएसओ ने की शिकायत


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित बीए फर्स्ट ईयर के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में नाराजगी है। परीक्षा परिणाम के संबंध में शिकायत लेकर बुधवार को छात्र संगठन एआईडीएसओ के छात्र यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

इन छात्रों के अनुसार हाल ही में 17 अप्रैल को जारी बीए प्रथम वर्ष प्राईवेट के परीक्षा परिणाम में भारी त्रुटि हुई है। शासकीय जेपी वर्मा कॉलेज बिलासपुर के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं प्राइवेट के इतिहास के पेपर का परिणाम खराब आया है। जहां छात्रों को शून्य, दो, तीन, चार, पांच जैसे अंक मिले हैं जो असंभव है। यह सिर्फ इतिहास विषय में नहीं बल्कि अन्य विषयों की यही हालत है। यहां तक कि अन्य कॉलेज के छात्रों की परीक्षा परिणाम में भारी त्रुटि हुई है। उत्तरपुस्तिका की जांच में गड़बड़ी छात्रों के भविष्य को बर्बाद कर देगी, चूंकि नई शिक्षा नीति के तहत रिचेकिंग का अवसर खत्म कर दिया गया है। छात्र चाहकर भी अपनी उत्तरपुस्तिका नहीं देख सकते जो कि अनुचित है। इस तरह यह छात्र-छात्राओं के मूलभूत अधिकारों को खत्म कर देना है यह छात्रों के साथ अन्याय है। छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन बिलासपुर जिला कमेटी की ओर से यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक को आज ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें यह मांग किया गया कि रिचेकिंग का अवसर निःशुल्क प्रदान किया जाए और जिन छात्र-छात्राओं के परिणाम में त्रुटि हुई है सभी की उत्तरपुस्तिका पुनः जांच कर उचित परिणाम जारी किया जाए। इसके अलावा छात्रों को आवागमन की मुवावजा दिया जाए। परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर ने कहा कि परिणाम में हुई त्रुटि का उचित जांच कर कार्यवाही किया जाएगा और एक सप्ताह के अंदर परिणाम पुनः जारी किया जाएगा।

## भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर कार ने स्कूटी सवार युवती को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में पासंग नाला के आगे भटगांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की बिना नंबर की न्यू ब्रांड स्विफ्ट डिजायर कार स्कूटी सवार युवती को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे मुड़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई,घटना मंगलवार की देर शाम की बताई गई है जहां कार भटगांव की तरफ से आ रही थी,दूसरी तरफ स्कूटी सवार रामनगर निवासी युवती मंजू राजवाड़े बिश्रामपुर से वापस अपने घर रामनगर जा रही थी, इसी दौरान तेज रफ्तार से भटगांव की तरफ से आ रही कार स्कूटी सवार से टकराते हुए सड़क किनारे जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने घायल पड़ी युवती को इलाज हेतु



अस्पताल भिजवाया,बताया गया कि दुर्घटना ग्रस्त कार की चाभी इस दौरान खो गई जिसे पुलिस कर्मी खोज रहे थे,इसी दौरान थाने के आरक्षक अखिलेश्वर पांडेय का पैर चढ़ान में अचानक फिसल कर मूड गया जिससे उनका पैर फैक्चर हो गया,साथी कर्मियों ने उन्हें उठाकर अस्पताल लाया यहां उनके पैर में प्लास्टर लगाने के बाद चिकित्सक ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

## खबर संक्षेप

### डीएवी खरमोरा के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं में सृजल देवांगन ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं रिया तांबोली ने 87.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं सरबजीत साहनी 84.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान प्राप्त की। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा के परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अन्य छात्रों में आनंदी राय और पल्लवी चंद्रा ने 82 प्रतिशत, मंजीत सिंह रत्नाकर ने 74 प्रतिशत तथा स्वालेहा आफरीन ने 71.40 प्रतिशत, ऋषभ जायसवाल 69.20 प्रतिशत और रचित कुमार यादव ने 63.60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा व युवा मोर्चा का आक्रोश प्रदर्शन, कांग्रेस का पुतला दहन



**कोरबा।** महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के महिला विरोधी रवैये से देश की मातृशक्ति आहत और नाराज है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव हर स्तर पर महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और सम्मान की रक्षा की है तथा उन्हें उनका हक दिलाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। प्रदर्शन में भाजपा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री ऋतु चौरसिया, महापौर संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेंद्र देवांगन, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रुक्मणी नायर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति स्वर्णकार, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, जिला महामंत्री महिला मोर्चा अनुसूईया राठौर, जिला महामंत्री युवा मोर्चा मोंटी पटेल व तुषार साहू सहित जिला के सभी 24 मंडलों से आये महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष और भाजयुमो अध्यक्ष महामंत्री सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा व युवा मोर्चा का आक्रोश प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन किया।

### मृत सफाई कर्मचारी के पीड़ित परिवार से परिसंघ के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम में देरी को लेकर हुए विवाद के बाद कर्मचारी की पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आईसीयू में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई रामपुर थाना ने सरपंच जयवीर सिंह ठाकुर को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया जो कि मामला सफाई कर्मचारी का था जिसकी खबर शोषित वंचित समाज परिसंघ के पदाधिकारियों को सूचना मिलते ही प्रदेश अध्यक्ष मयूर हथेल, सिकंदर उसर वर्षा प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ, जिला अध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी अन्य पदाधिकारी के साथ मुलाकात कर शासन की ओर से मिलने वाली समस्त सहायता दिलवाने में मदद करने का आश्वासन दिया और दोषियों पर भी एससी एसटी एक्ट की धारा लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखने की बात कही गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सेवानिवृत्त...

बाद उन्हें 8 लाख (पति व पत्नी को चार-चार लाख) तक की चिकित्सीय सुविधा मिलनी है। उस समय कोल इंडिया के रेगूलर कर्मियों को भी कहा गया कि वे भी 20 किश्त में हर माह दो-दो हजार करके 40 हजार इस स्कीम में जमा कर सकते हैं।

### पत्नी की हत्या...

को लेकर घूमता रहा। जब घटना की सूचना बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी, व रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह को मिली तो वे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति सालिकराम यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सूत्र बताते है कि चरित्र शंका को लेकर हत्या की यह वारदात हुई है।

### क्षतिग्रस्त राखड़...

के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आनन फानन में मरम्मत कार्य शुरु किया गया। वर्तमान में झाबू स्थित राखड़ बांध के रिस्टोरेशन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। राखड़ बांध टूटने की घटना को प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए रिस्टोरेशन कार्य पर पूरी ताकत झोंक दी है। प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही राखड़ बांध से संबंधित सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। वर्तमान में बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्य जारी है। इस दौरान बड़ी मशीनों के जरिए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की कवायद की जा रही है। इसके अलावा सिविल विभाग के अधिकारियों की टीम 24 घंटे रिस्टोरेशन कार्य की निगरानी कर रहे हैं जिससे जल्द से जल्द कार्य पूरा किया जा सके।

---

**महापौर ने किया शिविर का समापन**

# कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय ने लगाया विशेष स्वास्थ्य जागरूकता व जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के निर्देशानुसार प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच व स्वास्थ्य जागरूकता हेतु आयोजित किये जा रहे शिविरों की कड़ी में आज कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय कोरबा द्वारा निगम कार्यालय साकेत में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता व जांच शिविर लगाया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर का समापन किया तथा मुख्यमंत्री श्री साय व श्रम मंत्री श्री देवांगन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के कार्यो की सराहना की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य जांच व स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में स्वास्थ्य व जांच शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में साकेत भवन में बुधवार को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता व जांच शिविर का आयोजन किया गया, कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के द्वारा आयोजित उक्त महत्वपूर्ण शिविर में निगम के 500 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ो का दर्द, सरदर्द, अनिद्रा, हाईपरटेंशन, फीवर, एलर्जी, लीवर, किडनी व हृदय से जुड़ी समस्याओं सहित विविध रोगों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई, शिविर में विभिन्न बीमारियों की दवाओं का पर्याप्त स्टाक रखा गया था, अधिकारी कर्मचारियों को चिकित्सकों ने आवश्यकतानुसार दवाईयाँ भी प्रदान की तथा विभिन्न चिकित्सकीय परामर्श व सुझाव दिया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने उक्त विशेष स्वास्थ्य जागरूकता व जांच शिविर का समापन किया तथा कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय कोरबा के चिकित्सकों व अन्य अधिकारी कर्मचारियों के कार्यो की सराहना करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय बहादुर सिंह, डॉ.नीरज तिवारी, डॉ.ओमदत्त तिवारी, स्टाफ नर्स मेरी संगीता, अरूणा राय सोने, फार्मासिष्ट उमेश कुमार मनहर, अंजू पटेल व अनिल धुरव, सहायक ग्रेड-3 ईश्वर प्रसाद सोनी, वार्ड ब्वाय खगेश्वर बेंद्रे, डिगेश कुमार एवं शुभम कर्ष ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर के समापन के दौरान निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य अजय कुमार चन्द्रा, ममता यादव, फिरत राम साहू, योगेश मिश्रा, पूर्व पार्षद दीपक यादव, रामशंकर साहू, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, लेखाधिकारी भवकांत नायक, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे आदि के साथ निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



शिविर के समापन समारोह में शामिल महापौर व अन्य।

---

## तैलिक विकास समिति बालकोनगर ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती


जयंती कार्यक्रम में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तैलिक विकास समिति बालकोनगर द्वारा साहू सदन प्रांगण में तैलिक कुल भूषण ,संत शिरोमणि, दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह के छायाचित्र में पुष्पमाला अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में तैलिक विकास समिति के उपाध्यक्ष टिकेंद्र साहू ने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं उनकी दानशीलता हमारे समाज को गौरवशाली बनाती है हम सभी संगठित रहे और समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे। वही समाज में दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित लेखराम साहू ने भामाशाह के पूर्ण जीवन वृतांत को सभी के समक्ष रखा तथा बताया कि साहू समाज में भी एक से बढ़कर एक दानवीर महात्मा हुए हैं। जिन्होंने भामाशाह की तरह महाराणा प्रताप व मेवाड़ की रक्षा के लिए अपनी पूरी संपत्ति दान कर दिए व इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गए, आज समाज के लोगों को अर्थ दान के साथ साथ समय दान करने की महत्ती आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से वरिष्ठ सलाहकार लेखराम साहू, डिकेश्वर साहू (महासचिव), टिकेंद्र साहू (उपाध्यक्ष), हिमानी साहू (अध्यक्षा), पूजा साहू, शरद साहू, अर्चना साहू, शैलेन्द्र साहू, सुचिता साहू, सानवी साहू, हर्षिका साहू सहित समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट महासचिव डिकेश्वर साहू ने किया।

---

## सांसद ज्योत्सना महंत ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक


बैठक में शामिल सांसद ज्योत्सना महंत, नेता प्रतिपक्ष डॉ .चरणदास महंत व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और उनके पुत्र सूरज महंत के साथ पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई एवं कोरबा ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल के निजी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने सभी वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। मुलाकात के बाद सांसद ज्योत्सना महंत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी रणनीतियों और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर सहित कई कांग्रेस पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने की अपील की।

---

## पटवारियों के जिम्मे मढ़ दी गई डिजिटल किसान किताब तैयार करने की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व कार्यों में लगातार किए जा रहे सुधार की कड़ी में राज्य शासन के एक नए आदेश से हल्का पटवारियों में हड़कंप मचा हुआ है। शासन के जारी एक आदेश के तहत अब किसान किताब डिजिटल रूप में तैयार होगी और इसे तैयार करने की जिम्मेदारी हल्का पटवारियों के उपर मढ़ दी गई है। आरआई, तहसीलदार को इस कार्य से अलग कर दिया गया है, जबकि पूर्व में मेनुअल किसान किताब तैयार करने में आरआई तहसीलदार की प्रमुख भूमिका हुआ करती थी।

**खास बातें**

- शासन के नए आदेश से आरआई तहसीलदार इस कार्य से किए गए अलग
- पटवारियों में इस नए आदेश के प्रति फैला आक्रोश

राजस्व कार्यों को ऑनलाइन करने की कड़ी में अब किसान किताब को भी डिजिटल किया जा रहा है। इस कार्य के तहत पटवारी हल्के को डिजिटल किसान तैयार करने की प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है। इस किसान किताब में केवल पटवारियों के ही हस्ताक्षर होंगे। राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार के हस्ताक्षर जैसी कोई वैधानिक व्यवस्था नहीं होने से पूरी जिम्मेदारी पटवारियों की रहेगी। जबकि किसान किताब एक महत्वपूर्ण वैधानिक दस्तावेज है। पूर्व में इस पर पटवारियों के साथ राजस्व निरीक्षक व तहसीलदार के हस्ताक्षर हुआ करते थे। वर्तमान व्यवस्था के तहत पटवारी डिजिटल किसान किताब तैयार करने में पूर्ण रूप से िजम्मेदार होंगे। जबकि पूर्व में पटवारी केवल प्रविष्टियां दर्ज करने का काम करते हैं और राजस्व निरीक्षक के द्वारा इसका सत्यापन किया जाता है तथा तहसीलदार पटवारी के द्वारा दर्ज की गई प्रविष्टियों की जांच कर अपने हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगातार किसान किताब जारी करते हैं। और यह अंतिम विधि मान्य प्रमाण है। राजस्व पटवारी संघ के द्वारा शासन को लिखे पत्र में डिजिटल किसान पत्रिका तैयार करने में पूर्व की प्रक्रिया को ही शामिल करने की मांग की है। केवल पटवारी से हस्ताक्षर कराना धारा 144 का भी मूल भावना के विपरीत है। संघ का कहना है कि पटवारी को स्वतः नामांतरण के तहत जानकारी का अभाव रहता है। धारा 109 के तहत जब भी कोई अधिकार अर्जित हो उसकी जानकारी पटवारी को दी जानी चाहिए। किन्तु स्वतः नामांतरण में यह रिपोर्ट पटवारी तक पहुंचती ही नहीं है और सीध रजिस्ट्रार से पोर्टल पर चढ़ जाती है। धारा 110 के तहत नामांतरण हेतु नोटिस आपत्ति एवं तहसीलदार का आदेश अनिवार्य है। पटवारी की भूमिका केवल रिपोर्ट प्रस्तुति करने तक ही सीमित है। वर्तमान में रजिस्ट्रार पोर्टल पर नामांतरण कर देते हैं। तहसीलदार को सूचना नहीं दी जाती। स्वतः नामांतरण की प्रक्रिया में धारा 109, 110, 112 तीनों का उल्लंघन होता है। ऐसे में पटवारियों से हस्ताक्षर कराना उसे उन परिवर्तनों का विधिक प्रमाणकर्ता बनाना है जिसकी जानकारी उसे थी ही नहीं। यह पटवारी के साथ स्पष्ट अन्याय है।

---

## क्रिकेट स्पर्धा में मेंटेनेंस-2 विभाग ने आपरेशन-3 को हराकर पावरकप ट्राफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के हसदेव खेल परिसर में अंतर विभागीय फ्लड लाइट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता पावर कप का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय

**खास बात**

- एचटीपीएस के हसदेव खेल परिसर में खेला गया अंतर विभागीय क्रिकेट मैच

इस खेल प्रतियोगिता में विद्युत संयंत्र के मेंटेनेंस-2 विभाग ने आपरेशन-3 को 5 विकेट से हराया। विजयी टीम को मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएनबी. राव के हाथों ट्राफी भेंट की गई। इस अवसर पर अतिथिद्वय द्वारा विजयी टीम को बधाई देते हुए खेल को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजनों की प्रशंसा की गई।

पावर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बीते 11 अप्रैल को मुख्य अभियंता एचके. सिंह के हाथों किया गया था। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद, कोरबा-पश्चिम द्वारा 11 से 20 अप्रैल के बीच आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 विभागों की टीम ने हिस्सा लिया। इनमें टीम आपरेशन-1, आपरेशन-2, आपरेशन-3, मेंटेनेंस-1, मेंटेनेंस-2, मेंटेनेंस-3 और फ्यूल मैनेजमेंट-11 और मुख्य अभियंता-11 शामिल हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीते सोमवार को टीम मेंटेनेंस-2 एवं आपरेशन-3 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आपरेशन-3 ने 12 ओवर में सात विकेट खोकर 91 रन बनाए। इस लक्ष्य के लिए मैदान पर उतरी मेंटेनेंस-2 की टीम ने 11.1 ओवर में 5 विकेट खोकर इसे पूरा कर लिया। इस तरह मेंटेनेंस-2 ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। इससे पूर्व पहला सेमीफाइनल मैच मेंटेनेस-3 एवं आपरेशन-3 बीच खेला गया, जिसमें आपरेशन- 3 ने जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल मैच मेंटेनेंस-2 एवं फ्यूल मैनेजमेंट-11 के बीच हुआ, जिसमें मेंटेनेंस-2 ने जीत दर्ज की। समापन समारोह में अतिथियों के हाथों खिलाड़ियों को ट्राफी भेंटकर व्यक्तिगत पुरस्कार दिए गए। टूर्नामेंट के सर्वश्रेठ बल्लेबाज मेंटेनेंस-2 के सतीश ध्रुव, सर्वश्रेठ गेंदबाज आपरेशन-3 के शिवा भगत एवं प्लेयर आफ टूर्नामेंट मेंटेनेंस-2 के हर्षल विश्वकर्मा को पुरस्कृत किया गया।


ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

---

## आर्यन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार एवं झाबर में बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर संस्था के संचालक कृष्ण मुनि दुबे ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात सभी पालकों एवं छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने हमारी सनातन संस्कृति के अनुरूप मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद बच्चों का परिक्षा परिणाम प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था को बच्चों द्वारा बनाए गए आर्ट एवं क्राफ्ट से विद्यालय को सुसज्जित किया गया। संस्था का परीक्षा परिणाम संस्था के संचालक एवं भाजपा जिला मंत्री अजय कुमार दुबे,प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे एवं श्रीमती श्रद्धा राजभर द्वारा छात्र छात्राओं को प्रदान किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए संस्था के संचालक अजय कुमार दुबे ने कहा कि परीक्षा परिणाम बच्चों का सिर्फ एक कक्षा से दूसरे कक्षा में प्रमोशन मात्र नहीं वरन मानव बनने की श्रृंखला का एक पायदान है। जिसमें बच्चे अपने संस्कृति एवं संस्कार में एक और पायदान आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर संस्था की शिक्षक -शिक्षिकायें श्रीमती गोदावरी देवांगन, कु वेलिया चंद्रा, श्रीमती दिव्या साहू, यशोदा पाटले,कु संभावी जायसवाल, झरोखा शांडिल्य, श्रीमती नीलू साहू,कु सुनीता, श्रीमती अराधना, स्वागत नायक, कु पूजा आदि उपस्थित रहीं।


स्कूल स्टाफ व सफल छात्र।

### सर्राफा व्यापारियों को ठगी से सतर्क रहने की अपील

**कोरबा।** पुलिस द्वारा जिले के समस्त सर्राफा व्यापारियों को सूचित एवं सचेत किया जाता है कि बाहर अन्य राज्यों से सोना-चांदी के पुराने आभूषण लेकर एक्सचेंज करने आने वाले व्यक्तियों से किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पूर्व विशेष सावधानी बरतें। हाल ही में निकटवर्ती जिला बिलासपुर में ऐसे प्रकरण प्रकाश में आए हैं, जिनमें बाहरी व्यक्तियों द्वारा नकली सोना-चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्क अंकित कर उन्हें असली बताकर व्यापारियों को धोखा देने का प्रयास किया गया। उक्त मामलों में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। ऐसे ठग पुराने आभूषणों के नाम पर नकली सोना-चांदी लेकर आते हैं, जिनकी पहचान करना कई बार कठिन होता है, और बदले में असली एवं मूल्यवान आभूषण प्राप्त कर धोखाधड़ी कर लेते हैं। कोरबा पुलिस ने अपील कि है कि अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों से लेन-देन न करें। आभूषणों की गुणवत्ता एवं सत्यता की उचित जांच सुनिश्चित करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें।

### शपथ-पत्र

मैं, नवल किशोर देवांगन उम्र 56 वर्ष पिता-शंकर लाल देवांगन, निवासी एमआईजी 213 पं. रवि शंकर शुक्ल नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं :-

01. यह कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार नंबर 5845 8024 3244 है।

02. यह कि मेरी पुत्री न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा में कक्षा 7वीं की नियमित छात्रा है जिसके शैक्षणिक दस्तावेजों व आधार कार्ड में उसका नाम भूमि देवांगन (BHUMI DEWANGAN) दर्ज है, मैं अपनी पुत्री के पुराना नाम भूमि देवांगन (BHUMI DEWANGAN) को बदलकर उसका नया नाम समृद्धि देवांगन (SAMRIDDHI DEWANGAN) रखना चाहता हूं। समृद्धि देवांगन (SAMRIDDHI DEWANGAN) मेरी पुत्री का राशि नाम है।

03. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**नवल किशोर देवांगन**

---

## पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित महत्वपूर्ण ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले के तीन प्रमुख स्थलों का सफलतापूर्वक सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान कुल 575 पांडुलिपियों को ज्ञानभारतम ऐप पर अपलोड किया जा चुका है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने जानकारी दी कि अभियान के सुचारु संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति एवं अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है। साथ ही जिले के सुपरवाइजर्स एवं सर्वेक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जिससे सर्वेक्षण कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं वालंटियर्स को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज तथा ज्ञानभारतम मिशन के जिला समन्वयक एवं प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।



# पृथ्वी तथा पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायसंगत भविष्य के लिए नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है ऐसा प्रयास करके हम असंख्य जीव, महासागर भूमि, पर्वत, पेड़ और पृथ्वी को बचा सकते हैं तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं उक्त उद्गार विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शाउमावि कोरकोमा में आयोजित व्याख्यान माला में रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के द्वारा व्यक्त किए गए।

अलग खबर

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती तथा प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक ओमप्रकाश के द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। वर्ष 1970 से अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड निलसन की वैश्विक चिंता तथा सामूहिक प्रयास से 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस का प्रथम आयोजन संपन्न हुआ, आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में सरकारों व अनेक संस्थाओं द्वारा जागरूकता हेतु आयोजन किया जा रहा है। मनुष्य अपने कार्यों से जाने-अनजाने पर्यावरण तथा प्रकृति को जो नुकसान पहुंचा रहा है उससे बचने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर प्रयास जरूरी है। रासेयो जिला संगठक ने उपस्थित शिक्षकों तथा रासेयो स्वयंसेवकों को जल, मृदा, सहित पृथ्वी संरक्षण तथा पर्यावरण संवर्धन हेतु अनेक प्रयासों को उपायों को अपनाने की अनिवार्यता बताई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दयाराम रंगारी व्याख्यातागण श्रीमती अभिलाषा विश्वकर्मा, सुरभि साहू, मनीषा देवांगन, प्रतिभा श्रीवास, लक्ष्मी ध्रुव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो स्वयंसेवक कविता व प्रवीण द्वारा तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीता वर्मा द्वारा किया गया।

## कोरकोमा विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर विविध आयोजन

**खास बात**

- पर्यावरण संरक्षण के लिए एनएसए चला रहा है स्कूल कालेजों में अभियान




## खबर संक्षेप



### तपती गर्मी को देखते हुए पुलिस ने खोला पुलिस प्याऊ घर

**कोरबा।** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच जिले की पुलिस ने सर्वमंगला चौक पर कुसमुंडा पुलिस और सर्वमंगला चौकी द्वारा आम राहगीरों और बेजुबान जानवरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस प्याऊ घर का शुभारंभ कुसमुंडा थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय और सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया। पुलिस प्याऊ घर से राहगीरों को ठंडा पेयजल मिलेगी इससे तपती दोपहरी में सफर करने वाले लोगों को काफी राहत मिल रही है। इसके अलावा बेजुबान जानवरों के लिए भी कोटना (पानी का पात्र) रखा गया है, जिससे मवेशी और अन्य पशु भी अपनी प्यास बुझा सकें। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में पौधों का वितरण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

### शहीद प्रतिमा पर अतिक्रमण और गंदगी, होगा अनशन



**कोरबा।** बालको नगर में शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक की प्रतिमा अतिक्रमण और गंदगी में घिरी है। बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन निष्क्रिय। अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान 24 अप्रैल को एक दिवसीय शांतिपूर्ण अनशन करेंगे। इस अपमान के विरुद्ध आवाज़ उठाते हुए बालको नगर के अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान ने निर्णय लिया है कि वे 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय शांतिपूर्ण अनशन पर बैठेंगे। इस अनशन की लिखित सूचना कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को दे दी गई है।

### जेसीआई सेंटल द्वारा स्पीच क्राफ्ट का आयोजन




**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण स्पीच क्राफ्ट का आयोजन 17 से 19 अप्रैल को एक निजी होटल में किया गया। प्रशिक्षण में वक्तत्व कौशल को निखारने, व्यक्तित्व विकास तथा कुशल प्रशिक्षक बनने हेतु छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण हेतु पायलट फैकल्टी जेसी सीए ख्याति भंडारी, को-पायलट जेसी आर एस वी कृष्णा एवं जेसी आंचल पंजवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसी ई. राज अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में जेसीआई इंडिया के जोन 27 के अध्यक्ष जेसी सीए. प्रणव लाठ, जोन डायरेक्टर ट्रेनिंग जेसी अभिलाष अग्रवाल, जोन वाइस प्रेसिडेंट जेसी अंकित टमकोरिया, सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का थीम पंचतत्व थी। सभी प्रतिभागियों को वक्तत्व कौशल निखारने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने पंचतत्व की थीम पर नृत्य प्रस्तुति किया। हास्य कवि हीरामणि वैष्णव के द्वारा स्टैंड-उप कॉमेडी प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को व्यायाम एवं जुंबा कराया गया। प्रशिक्षण में वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से उनकी बोलने की शैली, बॉडी लेंग्वेज को सुधारने के लिए गाइड किया गया।

## खाद्य विभाग ने आवेदन लेते समय केवल समूह का पंजीयन ही किया है अनिवार्य

# बिना पंजीयन नवीनीकरण, पीडीएस दुकान का संचालन कर रहे स्व सहायता समूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानों का संचालन कर रहे कई स्व सहायता समूहों के पंजीयन का नवीनीकरण ही नहीं हुआ है। खाद्य विभाग ने भी ऐसे समूहों के पंजीयन के नवीनीकरण की जानकारी

**खास बात**

- नोटिस से समूहों में मचा हड़कंप, कई सालों से आडिट रिपोर्ट भी नहीं हुई जमा



फाइल फोटो

लेना भी जरूरी नहीं समझा। इस मामले का खुलासा कुछ पीडीएस दुकानों के खिलाफ हुई निलंबन की कार्रवाई के दौरान हुआ है।

जिले में खाद्य विभाग के अंतर्गत 460 पीडीएस दुकानें संचालित हैं। जिसमें शहर में 67 दुकानें और शेष ग्रामीण दुकानों में संचालित हैं। दुकानों का संचालन शहरी क्षेत्र में प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार के साथ महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण अंचल में ग्राम पंचायतों, प्राथमिक शाख सहकारी समिति के साथ महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। सबसे ज्यादा विवादास्पद मामले समूहों के द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों को लेकर सामने आया है। हाल ही में खाद्य विभाग के द्वारा 4 दुकानों के के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई के दौरान यह जानकारी सामने आई कि समूहों का पंजीयन तो है किन्तु उनका नवीनीकरण नहीं हुआ है। बिना पंजीयन नवीनीकरण के ही दुकानें संचालित हो रही हैं। इससे राज्य सरकार को फर्म एवं सोसायटी के माध्यम से मिलने वाला 2000 रुपए का आडिट शुल्क की क्षति हो रही है। खाद्य विभाग अब ऐसे स्व सहायता समूहों को नोटिस जारी कर उनसे पंजीयन नवीनीकरण का दस्तावेज मांगा है। जिससे यह जानकारी सामने आ सकेगी कि कितने महिला स्व सहायता समूहों के पंजीयन का नवीनीकरण नहीं हुआ है। इस नोटिस से महिला स्व सहायता समूह में नवीनीकरण कराने को लेकर हड़कंप मचा है। शहरी क्षेत्र में संचालित पीडीएस दुकानों के समूहों के द्वारा नवीनीकरण के लिए चक्कर काटा जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में 25 और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 70 समूह ऐसे सामने आए हैं जिनके पंजीयन का नवीनीकरण अभी लंबित है।

**लगेगी 2000 रुपए की पेनाल्टी**

फर्म सोसायटी के नियम के मुताबिक समूहों के पंजीयन दिनांक तक प्रति वर्ष नवीनीकरण कराना होता है। इसके लिए 2000 रुपए आडिट शुल्क जमा करना होता है। पंजीयन दिनांक तक अगर पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तो उसके बाद पंजीयन की कराने की स्थिति में महिला समूह को 2000 रुपए प्रति वर्ष की दर से पेनाल्टी देना होगा। कई समूह ऐसे हैं जिन्होंने 2-3 साल से अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है। उन्हें अब 6 से 8 हजार रुपए तक की पेनाल्टी पटाना पड़ेगा।

**नवीनीकरण अनिवार्य है**

किसी भी समिति का जिसके द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जाता है, उसके पंजीयन का नवीनीकरण प्रति वर्ष कराना अनिवार्य है। ऐसे समूह और समिति की जानकारी ली जा रही है। जिसने अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है।

-**घनश्याम कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

## सीएसईबी कॉलोनी में गिरा विशाल पेड़, पार्किंग शेड क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के कोरबा पूर्व स्थित सीएसईबी कॉलोनी में बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। एसई-303 के पास खड़ा एक विशाल सरई का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे वहां बना वाहन पार्किंग शेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ का कुछ हिस्सा सड़क तक फैल जाने से कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। घटना के समय स्थल पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि यह घटना कुछ देर पहले या बाद में होती, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

बताया जा रहा है कि उक्त स्थान कॉलोनी का व्यस्त क्षेत्र है, जहां रोजाना लोगों की आवाजाही और वाहनों की पार्किंग रहती है। ऐसे में पेड़ गिरने की घटना ने कॉलोनीवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र में जर्जर एवं खतरनाक पेड़ों को लेकर पूर्व में कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है। जनदर्शन में भी यह मामला उठाया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार खतरनाक पेड़ों की छंटाई एवं हटाने के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे विभागीय उदासीनता उजागर हो रही है। इधर, मानसून के नजदीक आते ही ऐसे हादसों की आशंका और बढ़ गई है। हर वर्ष आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे कॉलोनीवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। वार्ड पार्षद राकेश वर्मा ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक गंभीर चेतावनी है। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर खतरनाक पेड़ों की छंटाई एवं हटाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि संभावित खतरे को देखते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### अपहरण का नहीं बल्कि आपसी लेनदेन का निकला मामला

**कोरबा।** शहर में एक युवक के कथित अपहरण की खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई थी जिसके बाद पुलिस की टीम एक्शन में आई और मामले की जांच की तो मामला आपसी लेनदेन का निकाला। दोनों पक्ष आपसी समझौते में लगे हुए थे। देर शाम तक इस मामले में किसी तरह की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर एफआईआर की जाएगी।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत विजय नामक युवक के अपहरण किये जाने की खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई थी जिसके बाद पुलिस तत्काल हरकत में आयी तो दोनों ही पक्ष थाना जा पहुंचे जहां आपसी समझौता पर दोनों पक्ष बात करते रहे। इस मामले को लेकर बालको थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लेनदेन चलरहा था और लेनदेन को लेकर ही दोनों में ही कुछ विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। देर शाम तक दोनों पक्षों ने थाना में रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी है। यदि रिपोर्ट दर्ज कराते हैं तो तत्काल एफआईआर लिखकर मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### लालघाट में मिला शव, पुलिस जुटी जांच में

**कोरबा।** बुधवार की देर शाम बालको लाल घाट में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि शव किसी उतरा कुमार कश्यप के नाम के व्यक्ति का है वह सुबह से ही घर से निकला हुआ था और वह नशे का आदी था। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अधिक शराब सेवन से उसकी मौत हुई होगी। मामले में पुलिस ने रात्रि होने से उतरा कुमार कश्यप का शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में रखवा दिया है। गुरुवार को परिजनों की उपस्थिति में पीएम कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## सीएसईबी प्लांट दर्री के एबीबी यार्ड से केबल चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार


चोरी गए केबल के साथ पकड़े गए आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलकांत ठाकुर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति सीएसईबी प्लांट के एबीबी यार्ड से 3 सौ मीटर पावर केबल को चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट हुई थी। पतासाजी के दौरान थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक आशीष कुमार सिंह सायबर सेल उप निरीक्षक अजय सोनवानी के मार्गदर्शन में सउनि संतोष कुमार ताण्डी द्वारा आरोपियों की पतासाजी किया गया और संदेही सुशील श्रीवास उर्फ ठाकुर, विशाल राव उर्फ लाली, जानसिंह प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक को सीएसईबी प्लांट के एबीबी यार्ड से 3सौ मीटर पावर केबल को चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तांबा का केबल वायर 3सौ मीटर लगभग कीमती 75 हजार रुपए, तांबा केबल वायर को जप्त किया गया। पकड़े गए आरोपी राजीव नगर दर्री निवासी सुशील श्रीवास उर्फ ठाकुर पिता गोवर्धन श्रीवास उम्र 43 वर्ष, धनवारपारा कल्मीडुगु दर्री निवासी विशाल राव उर्फ लाली पिता अर्जुन राव उम्र 22 वर्ष, एवं पुरानी बस्ती दर्री निवासी जान सिंह प्रधान पिता उदय प्रधान उम्र 26 वर्ष को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया है। वहीं मामले के अन्य आरोपी किशन कुमार गोंड़ उर्फ गोलू एवं एक अन्य युवक की जो घटना दिनांक से फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है।

**खरीदार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार**

थाना सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत पीजी कॉलेज परिसर स्थित निर्माणाधीन स्थल से केबल वायर चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से तांबा (केबल वायर) बरामद कर जब्त किया गया। पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि चोरी किए गए केबल का तांबा आरोपी पुरुषोत्तम देवांगन द्वारा खरीदा गया था, जिसके कब्जे से माल बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में अटल आवास खरमोरा निवासी गज्जू सांडु, उम्र 29 वर्ष, चन्दन गुप्ता, उम्र 20 वर्ष, दिलचंद आदिले, उम्र 20 वर्ष, एवं खरीदार पुरुषोत्तम देवांगन उम्र 46 वर्ष निवासी बुधवारी बाजार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



**मकान से चोरी करने दो नाबालिक सहित एक आरोपी गिरफ्तार**

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रामकुमार साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 व 20 अप्रैल की रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके मकान के अंदर घुसकर किचन में रखें इंडियन गैस का सिलेंडर, बच्चों का छोटा साइकिल एवं उसके पड़ोसी तुष्यंत कुमार साहू के घर के आंगन में रखे किर्लोस्कर कंपनी का छोटा टुल्लू पंप, इंडियन गैस एवं एक सिल्वर का सीढ़ी की चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन युवक चोरी करते दिखे जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी परसाभाठा बालको निवासी मनोज यादव उर्फ मोनू यादव पिता शिवचरण यादव उम्र 20 वर्ष एवं दो नाबालिकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## ठेका श्रमिकों के शोषण के विरुद्ध आरसीडब्ल्यूएफ ने रखा अपना पक्ष

# क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने एसईसीएल प्रबंधन से मांगी विस्तृत कार्यवाही रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन द्वारा एसईसीएल में व्याप्त ठेका श्रमिकों की समस्याओं को लेकर एक निर्णायक कदम उठाया गया है भारत सरकार कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट और एनसीडब्ल्यूए के प्रावधानों के उल्लंघन के विरोध में यूनियन द्वारा उठाए गए औद्योगिक विवाद पर 21 अप्रैल को क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) बिलासपुर के समक्ष एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

यूनियन के महामंत्री भागवत प्रसाद दुबे ने एसईसीएल प्रबंधन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ठेका श्रमिकों की दयनीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और गंभीर आपत्तियां दर्ज कराईं जिसमें स्थायी और नियमित प्रकृति के कार्यों में ठेका श्रमिकों का नियोजन पूरी तरह अवैध है ये श्रमिक वही कार्य कर रहे हैं जो विभागीय कर्मचारी करते हैं फिर भी इन्हें उचित दर्जा नहीं दिया जा रहा। ठेका श्रमिकों का वेतन नियमित मजदूरों से भी कम है उन्हें न तो वेतन पर्ची दी जाती है और न ही उनके पास कर्मचारी होने का कोई पुख्ता सबूत है। श्री दुबे ने मांग की कि श्रमिकों को एचपीसी वेतन के बजाय एनसीडब्ल्यूए वेतन मिलना चाहिए और उन पर एसईसीएल की सेवा शर्तें लागू होनी चाहिए। कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेंट्रल रूल्स के नियम का हवाला देते हुए इन्हें एनसीडब्ल्यूए वेतन का हकदार बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए हैं प्रबंधन को अगली तारीख तक इन सभी बिंदुओं पर एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। भागवत प्रसाद दुबे ने कहा कि यह लड़ाई लंबी है उन्होंने स्पष्ट किया कि नौकरी से निकाले गए लोगों की पुनर्नियुक्ति पहली प्राथमिकता है कुछ मामले स्थानीय स्तर पर और कुछ केंद्र सरकार/ मुख्य श्रम आयुक्त के स्तर पर सुलझाए जाएंगे ठेका श्रमिकों के बुनियादी अधिकारों के लिए माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) के बिलासपुर स्थित कार्यालय में आरसीडब्ल्यूएफ की ओर से महामंत्री भागवत प्रसाद दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयावन्त दुबे, बिजुरी, शीतल, टब रिपेयरिंग मजदूर, हसदेव क्षेत्र, देवशरण और शिवकुमार पटेल तथा भोला बिजुरी मध्य प्रदेश से और छत्तीसगढ़ से संतोष कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित श्रमिक संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

**12 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा**

महामंत्री ने 12 प्रमुख बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जिनमें अंडरग्राउंड अलाउंस और रोजगार कार्ड की सुविधा, नियुक्ति पत्र और नियमित वेतन पर्ची का वितरण, साप्ताहिक अवकाश और अवकाश के दिन कार्य करने पर ओवरटाइम का भुगतान, बिना विभागीय कार्रवाई के नौकरी से निकालने पर रोक, मेडिकल कार्ड, सुरक्षा उपकरण और अनिवार्य रूप से फॉर्म-बी भरा जाना, केवल 8 घंटे की शिफ्ट में कार्य सुनिश्चित करना शामिल है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411